समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# बड़ी गिरावट के बाद तेजी से उठा शेयर बाजार, 400 अंक उछला सेसेंक्स, रॉकेट बने ये शेयर।

Publisher

Published on 14 May 2025



## बुधवार 14 मई 2025 को सेसेंक्स सुबह करीब सवा नौ बजे 175 अंक ऊपर चढ़कर यानी 0.22 फीसदी की बढ़त के साथ 81,323.40 के स्तर पर कारोबार कर रहा है.

वैश्विक बाजार में मिलेजुले रुख के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन की शुरुआत तेजी के साथ हुई है. बुधवार 14 मई 2025 को सेंसेक्स सुबह करीब सवा नौ बजे 175 अंक ऊपर चढ़कर यानी 0.22 फीसदी की बढ़त के साथ 81,323.40 के स्तर पर कारोबार कर रहा था. लेकिन, फिर सेंसेक्स 400 अंक और ऊपर चढ़ गया. जबकि निफ्टी 51.55 प्वाइंट यानी 0.21 प्रतिशत उछलकर 24,629.90 के स्तर पर खुला और उसके बाद और बढ़कर 24,700 के करीब पहुंच गया. बाजार खुलने के साथ ही मेटल के शेयरों में शानदर उछाल दिख रहा है.

स्टॉल अथॉरिटी ऑफ इंडिया के शेयर करीब 1.5 प्रतिशत ऊपर चढ़ गए. इसके अलावा, Garden Reach के शेयरों में भी 10 प्रतिशत का उछाल दिखा है. दूसरी तरफ टाटा मोटर्स के शेयर 3 प्रतिशत नीचे लुढ़क गए.

एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख
एशियाई बाजार का हाल बुधवार को मिलाजुला रहा. जापान के निक्केई 225 अंक यानी 0.57 प्रतिशत फिसल गया तो वहीं टॉपिक्स भी 1.05 प्रतिशथ नीचे आ गया. हालांकि, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.67 प्रतिशत और कोसडैक 0.05 प्रतिशत ऊपर चढ़कर स्थर बना रहा. हांगकांग का हैंगसेंग का इंडेक्स 1.16 प्रतिशत ऊपर चढ़ा तो वहीं ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी 200 बेंचमार्क

0.1 प्रतिशत नीचे गिर गया.

एक दिन पहले बड़ी गिरावट

गौरतलब है कि एक दिन पहले मंगलवार को शेयर बाजार में रिकॉर्ड गिरावट दिखी और बीएसई सेंसेक्स 1282 प्वाइंट नीचे लुढ़क गया. 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,281.68 अंक यानी 1.55% का गोता लगाते हुए 81,148.22 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय ये 1,386.21 अंक तक लुढ़क गया था. सेंसेक्स के शेयरों में 25 नुकसान में जबकि पांच लाभ में रहे. आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा.

फायदे में रहे अडानी पोर्ट और बजाज फाइनेंस

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,578.35 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस में 3.54 प्रतिशत की गिरावट आई. इसके अलावा पावर ग्रिड, इटर्नल, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, मारुति, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नीचे आए. दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में... सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.